XXXIX(a)BR(H)-11

राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

जिला – डिण्डोरी

प्रकरण क्रमांक – विविध 466–तीन / 11

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
04–1–16	आवेदक म0प्र0 शासन की ओर से अधिवक्ता श्री बी0एन0 त्यागी उपस्थित । अनावेदक की ओर से कोई उपस्थित नहीं । 2/ प्रकरण का अवलोकन किया गया । प्रकरण में कमिश्नर, शहडोल संभाग, शहडोल कार्यालय के पत्र दिनांक 24–4–12 की प्रतिलिपि संलग्न है, जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि जिस प्रकरण की अनुमति चाही गई है वह उन्हें अपर आयुक्त, जबलपुर संभाग, जबलपुर से प्राप्त ही नहीं हुआ है । पक्षकार दरबारी कोल कार्यवाहक सरपंच द्वारा प्रस्तुत पुनरावलोकन आवेदन पर पुनरावलोकन की अनुमति राजस्व मंडल से चाही गई है । पक्षकार द्वारा प्रस्तुत पुनरावलोकन आवेदन प्राप्त होने पर पुनरावलोकन प्रकरण पंजीबद्ध हुआ जो दिनांक 28–11–2011 को अनुपस्थिति के कारण अदम पैरवी में निरस्त किया जा चुका है । दर्शित परिस्थिति इस प्रकरण को आगे चलाए रखने का कोई औचित्य नहीं है । अतः यह प्रकरण इसी स्तर पर समाप्त किया जाता है । प्रकरण दाखिल रिकार्ड हो । सदस्य	